प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भो▯ाल

दिनांक 23.03.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार....**

- • प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के पहले चरण के लिये 27 मार्च तक दाखिल किये जायेंगे नाम–निर्देशन पत्र।
- लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिये आयोजित की जा रही मतदाता जागरुकता गतिविधियां ।
- लोकसभा चुनाव में पहली बार मत देने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए चलाए जा रहे कई सोशल मीडिया अभियान ।

**और**

- आईपीएल टी–20 क्रिकेट में अब से कुछ देर में कोलकाता नाईट राईडर्स का सामना सनराईजर्स हैदराबाद से ।

**अब समाचार विस्तार से....**

**नाम निर्देशन पत्र**

प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन–2024 के पहले चरण के लिये नाम–निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। इस चरण के लिये नाम–निर्देशन पत्र दाखिल करने की आखरी तारीख 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन भर चुके अभ्यर्थी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। इस चरण के लिये निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 मार्च को अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही नामांकन पत्र जमा करने का क्रम शुरू हो जाएगा। नामांकन पत्र 4 अप्रैल तक दाखिल किए जायेंगे। नामांकन पत्रों की जाँच 5 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 8 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। मतगणना 4 जून को होगी।

**मतदाता जागरुकता**

आगामी लोकसभा चुनाव में लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रीवा जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 28 मार्च को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में नोडल अधिकारी मतदाता जागरूकता और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि मतदान केन्द्रों में मतदाता जागरूकता फाग गायन प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान, रंगोली तथा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मतदान केन्द्रों में हेल्थ चेकअप और पोषण प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। बैतूल के जेएच कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत एनएसएस के लगभग 100 छात्र–छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के तहत होली के पूर्व में रंग लगाते हुए एक दूसरे से आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए आव्हान किया। अनूपपुर जिले में मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों के तहत साप्ताहिक हाट बाजारों में मतदाता जागरूकता स्लोगन के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया जा रहा है।

**मतदाता जागरुकता–1**

शहडोल जिले मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दूधी ग्राम पंचायत में मतदान की रंगोली बनाकर लोगों को जागरूक किया गया । वहीं झरौंसी गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। नर्मदापुरम जिले में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत आज महिला बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नर्मदापुरम के सर्किट हाउस से पर्यटन घाट तक विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली को एसडीएम नीता कोरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली के समापन पर पर्यटन घाट पर मतदान करने के लिए महिला बाल विकास अधिकारी, कर्मचारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शपथ ली।

**चुनाव आयोग स्पेशल**

आगामी लोकसभा चुनाव में 18 से 19 वर्ष की आयु के लगभग एक करोड़ 80 लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। पहली बार मत देने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'आई वोट फॉर श्योर' जैसे कई सोशल मीडिया अभियान चलाए जा रहे हैं।

**रेंडमाइजेशन**

लोकसभा निर्वाचन– 2024 के संदर्भ में प्रदेश के 52 जिलों में पहला रेंडमाइजेशन पूरा हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनपुम राजन ने बताया कि ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की अधिकृत उपस्थिति में हुई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन मशीनों को विधानसभा क्षेत्रवार अलॉट कर दिया गया है। ईवीएम को विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है।

**पेड न्यूज**

लोकसभा निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज संबंधी मामलों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय अखबारों में प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल में प्रसारित और सोशल मीडिया में चल रही खबरों की 24 घंटे सतत् मॉनिटरिंग और रिकॉर्डिंग की जा रही है। राज्य स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ, राज्य नोडल अधिकारी, आयुक्त जनसम्पर्क संदीप यादव के मार्गदर्शन में कार्य कर रहा है। न्यूज मॉनिटरिंग एवं पेड न्यूज के मामलों सहित अन्य सभी कार्यों के लिये अपर संचालक जनसम्पर्क डॉ. एच.एल. चौधरी को मुख्य नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास में जिला चिकित्सालय के चिकित्सा दल द्वारा न्यायालीय कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव निहारिका सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने एवं नियमित दिनचर्या अपनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाईयां वितरित की गई।

**पाक्सो एक्ट**

आगरमालवा स्थित शासकीय नेहरू महाविद्यालय में विद्यार्थियों को पाक्सो एक्ट की जानकारी दी गई । इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि यदि अठारह वर्ष से कम उम्र के नाबालिक बच्चे शैक्षणिक संस्थाओं, हॉस्टलों, घरों में परिचितों द्वारा प्रताड़ित होते है, तो ऐसे नाबालिकों के लिये पाक्सो एक्ट अधिनियम के अन्तर्गत विभिन्न धाराओं के माध्यम से विशेष अधिकार दिये गये है जो बहुत उपयोगी है।

**इंडियन प्रीमियर लीग**

आई पी एल क्रिकेट में मोहाली में आज पहले मुकाबले में पंजाब किंग्स का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से हो रहा है। ताजा जानकारी मिलने तक डेल्ही कैपिटल्स के 175 रनों के लक्ष्य को पंजाब किंग्स ने ..4 के नुकसान पर 137 रन बना लिये है। वहीं कोलकाता में अब से कुछ देर बाद शाम साढ़े सात बजे, कोलकाता नाईट राईडर्स का सामना सनराईजर्स हैदराबाद से होगा।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में....

- शहडोल जिले के गांवों में इन दिनों ओलावृष्टि से फसल को हुए नुकसान का सर्वे चल रहा है। जिला कलेक्टर ने पिपरिया और देवरी गांव में फसल नुकसान का जायजा लिया।
- गुना जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत सेक्टर अधिकारियों का पहला प्रशिक्षण शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिया गया।
- बैतूल जिले में सिचाई सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होने से कारण ग्रीष्मकालीन बोवनी का रकबा बढ़ रहा है। कृषि विभाग ने जिले में साढ़े पांच हजार हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन बोवनी का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- स्वच्छता विकास अभियान एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा नीमच की स्थानीय शहीद स्मारक पारसी बावड़ी परिसर में स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले शहीद सरदार भगतसिंह,सुखदेव एवं राजगुरु का बलिदान दिवस मनाया गया।
- लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता अन्तर्गत संपत्ति विरूपण की कार्यवाही में नगर निगम, देवास की टीम द्वारा निगम सीमा क्षेत्रों में सतत निगरानी कर प्रमुख स्थानों व मार्गों पर लगे फ्लेक्स, बैनर, स्लोगन व अन्य सामग्री को हटाया जा रहा है।
- खण्डवा जिले में लोकसभा निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।
- नर्मदापुरम जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में किया गया।

----------------------